**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1761**

**जिसका उत्तर 05 दिसंबर, 2024 को दिया जाना है।**

**.....**

**उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना**

**1761. श्री काली चरण सिंह:**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का बिहार और झारखंड की बहुउद्देशीय उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना को पूरा करने का कोई उद्देश्य है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक कितनी निधि जारी की गई है;

(ख) उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है और अब तक पूरे किए गए कार्य का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप किया जा रहा हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) सरकार उक्त परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए किस प्रकार निगरानी कर रही है?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी**

**(क) से (घ):** केंद्र सरकार ने अक्टूबर, 2023 में 2430.76 करोड़ रुपये (केंद्र का हिस्सा: 1,836.41 करोड़ रुपये) की संशोधित लागत से उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के शेष कार्यों को पूरा करने के एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केंद्र के हिस्से में से अब तक 771.04 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी गई है।

बांध और सहायक कार्यों में 10%, बैराज पर 100%; बायीं मुख्य नहर पर 86%, दाहिनी मुख्य नहर (झारखंड का भाग) पर 22% और दाहिनी मुख्य नहर (बिहार का भाग) पर 15% प्रगति हुई है।

अक्टूबर, 2023 में परियोजना के अनुमोदन के दौरान निर्धारित समय-सीमा के अनुसार परियोजना के शेष कार्यों को पूरा करने की लक्ष्य तिथि मार्च, 2026 है।

**(ङ):** सचिव, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की अध्यक्षता में एक अधिकार प्राप्त समिति और सदस्य (डब्ल्यूपी एंड पी), केन्द्रीय जल आयोग की अध्यक्षता में एक तकनीकी मूल्यांकन समिति, जिसमे - जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, बिहार एवं झारखंड दोनों राज्य सरकारों और वाटर एंड पावर कंसलटेंसी सर्विस (इंडिया) लिमिटेड, के सदस्य की समिति द्वारा परियोजना के शेष कार्यों के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की निगरानी की जा रही हैं।

*****